दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 17/07/2025

# सीआरएसयू में 24 को मनेगा स्थापना दिवस



जींद| चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 24 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। कुलगुरु ने स्थापना दिवस को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रतीक बताया। कहा कि यह दिन संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबद्धता दिखाने का अवसर है। बैठक में छह समितियों का गठन किया गया। इनमें स्वागत, सांस्कृतिक, मंच संचालन, आतिथ्य, सजावट और मीडिया-प्रचार समिति शामिल हैं। सभी समितियों को समय पर जिम्मेदारी पूरी करने के निर्देश दिए गए। निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार बंसल, डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

हरिभूमि

Date: 17/07/2025




जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते वीसी। फोटो :हरिभूमि

# विभिन्न समितियों का गठन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में आगामी 24 जुलाई को विवि का स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश कुमार बंसल, डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विवि के अन्य शैक्षिक व गैर.शैक्षिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कुलगुरु ने स्थापना दिवस को विवि की उपलब्धियों का प्रतीक बताते सभी से कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने का उपयुक्त अवसर है।

पंजाब केसरी
Date: 17/07/2025

# सी.आर.एस.यू. स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर वी.सी. ने ली बैठक



मीटिंग की अध्यक्षता करते वी.सी.।

## विभिन्न समितियां कीं गठित

जींद, 16 जुलाई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आगामी 24 जुलाई को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफैसर (डॉ.) रामपाल सैनी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार बंसल, डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विश्वविद्यालय के अन्य शैक्षिक व गैर-शैक्षिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

कुलगुरु ने स्थापना दिवस को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रतीक बताते हुए सभी से कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने का उपयुक्त अवसर है।

बैठक दौरान कुलगुरु द्वारा आयोजन से संबंधित विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जिनमें स्वागत समिति, सांस्कृतिक समिति, मंच संचालन समिति, आतिथ्य समिति, सजावट समिति तथा मीडिया एवं प्रचार समिति शामिल हैं। सभी समितियों को उनके दायित्व समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम दौरान विश्वविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियां दिखाई जाएंगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

जागरण

Date: 17/07/2025

# सीआरएसयू के स्थापना दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम



आयोजन को लेकर बैठक करते वीसी प्रोफेसर डा. आरपी सैनी। • सौ. विवि

जासं • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस 24 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दौरान भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां विवि ने शुरू कर दी हैं। इसके लिए कुलपति प्रोफेसर डा. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि यह दिवस संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने का अवसर है। बैठक के दौरान कुलपति ने आयोजन से संबंधित विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। इनमें स्वागत समिति, सांस्कृतिक समिति, मंच संचालन समिति, आतिथ्य समिति, सजावट समिति तथा मीडिया एवं प्रचार समिति शामिल हैं।

INDIA TIMER

Date: 17/07/2025

# सीआरएसयू स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर वीसी ने ली बैठक, विभिन्न समितियां गठित



**जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में आगामी 24 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो रामपाल सैनी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार बंसल, डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य, एवं विश्वविद्यालय के अन्य शैक्षिक व गैर-शैक्षिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कुलगुरु ने स्थापना दिवस को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रतीक बताते हुए सभी से कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने का उपयुक्त अवसर है। इस बैठक के दौरान कुलगुरु द्वारा आयोजन से संबंधित विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जिनमें स्वागत समिति, सांस्कृतिक समिति, मंच संचालन समिति, आतिथ्य समिति, सजावट समिति तथा मीडिया एवं प्रचार समिति शामिल हैं। सभी समितियों को उनके दायित्व समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों दिखाई जाएगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।